Ans. (d) : श्री केसरीसिंह बारहठ का जन्म 21 नवम्बर, 1872 को राजस्थान की शाहपुरा रियासत की देवपुरा गांव में हुआ था। केसरीसिंह बारहठ राजस्थान के प्रसिद्ध कवि और क्रांतिकारी थे। उनके भाई जोरावर सिंह बारहठ को, राजस्थान का 'चन्द्रशेखर आजाद' कहा जाता है, उनके पुत्र कुँवर प्रताप सिंह बारहठ और जमाता ईश्वरी सिंह आशिया ने सम्पूर्ण परिवार सहित भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महती भूमिका निभाई।

**798. जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग का संस्थापक कौन था?**
(a) राव जोधा (b) महाराजा जसवन्त सिंह
(c) महाराज मान सिंह (d) महाराजा गज सिंह

**Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019**

Ans. (a) : जोधपुर के मेहरानगढ़ दुर्ग का संस्थापक राठौर वंश के 15वें शासक राव जोधा ने 1459 ई. में निर्मित कराया था।
मंडोर के शासक राव जोधा ने अपनी राजधानी जोधपुर बनाने पर मेहरानगढ़ का दुर्ग निर्मित कराया था। इसकी आधारशिला भी करणी माता ने रखी थी। इस किले की भीतरी संरचनाऐं लगभग 500 से अधिक वर्षों में सौंदर्यीकृत किया गया था।

**799. राव जोधा कौन था?**
(a) कवि (b) प्रशासक
(c) जोधपुर का संस्थापक (d) ऋषि

**Junior Engineer Non TSP 2015**

Ans. (c) : राव जोधा (मार्च 1416-अप्रैल 1459) जोधपुर का संस्थापक था। राव जोधा ने चिड़ियाटूंक पहाड़ी पर मेहरानगढ़ दुर्ग बनवाया। राव जोधा की रानी जसमादे ने सन् 1459 में राणीसर तालाब का निर्माण करवाया था।

**800. भावना जाट, राजस्थान के खिलाड़ियों में से एक जिसने टोक्यो ओलम्पिक 2020 में भाग लिया, राजस्थान के किस जिले से है?**
(a) राजसमन्द (b) उदयपुर
(c) भरतपुर (d) डूँगरपुर

**MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021**

Ans. (a) : टोक्यो ओलम्पिक, 2020 में प्रतिभाग करने वाली भावना जाट राजस्थान के राजसमंद जिले से संबंधित है। टोक्यो ओलम्पिक में 20 किमी. ब्रिस्क वॉक इवेंट में भावना जाट में 32वाँ स्थान प्राप्त किया था।

**801. राजस्थान में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं अभियान का ब्रांड एम्बेसेडर कौन है?**
(a) सारिका गुप्ता (b) अवनी लेखरा
(c) मिताली राज (d) गुलाबो सपेरा

**Basic Computer Anudeshak-18.06.2022**

Ans. (b) : राजस्थान में 'बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं' अभियान की ब्रांड एम्बेसेडर अवनी लेखरा है। जयपुर की अवनी लेखरा ने टोक्यों पैरालम्पिक निशानेबाजी प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना की शुरूआत 22 जनवरी 2015 को आरम्भ किया गया था। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं के अस्तित्व की सुरक्षा और शिक्षा को सुनिश्चित किया जायेगा। इस समय यह योजना देश के प्रत्येक जिले में संचालित की जा रही है।

**802. विवान कपूर किस खेल से सम्बन्धित है?**
(a) बॉक्सिंग (b) राइफल शूटिंग
(c) कबड्डी (d) खो-खो

**Basic Computer Anudeshak-18.06.2022**

Ans. (b) : विवान कपूर राइफल शूटिंग से जुड़े हुए है। विवान कपूर ने अगस्त में मेरू सिडनी में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

**803. 'मारवाड़ का भूला-बिसरा नायक' किसे कहा जाता है?**
(a) राव चंद्रसेन (b) राव गंगदेव
(c) महाराजा अजीत सिंह (d) सूर सिंह

**Basic Computer Anudeshak-18.06.2022**

Ans. (a) : मारवाड़ का भूला-बिसरा नायक 'राव चंद्रसेन' को कहा जाता है। राव चन्द्रसेन का जन्म 30 जुलाई 1541 ई. को जोधपुर में हुआ था। इनके पिता का नाम राव मालदेव था। राव मालदेव की मृत्यु के बाद राव चन्द्रसेन सिवाना से जोधपुर आये और 1562 ई. को जोधपुर की गद्दी पर बैठे। मुगलों के विरूद्ध इन्होंने लड़ाई लड़ी और इन्हीं का अनुसरण महाराणा प्रताप ने किया। इतिहास में उचित महत्व न मिलने के कारण चन्द्रसेन को ''मारवाड़ का भूला-बिसरा'' नायक कहा जाता है।

**804. स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सागरमल गोपा निवासी थे-**
(a) जोधपुर के (b) अजमेर के
(c) जयपुर के (d) जैसलमेर के

**Lab Assistance (Home Science)-2022**
**Agriculture Superviser 2021**

Ans. (d) : स्वतंत्रता सेनानी सागरमल गोपा (03 नवम्बर-1900– 04 अप्रैल 1946) जैसलमेर (राजस्थान) के मूल निवासी थे। वह 1921 ई. में गांधी जी के असहयोग आंदोलन का हिस्सा थे। उन्हें 25 मई 1941 को देशद्रोह के आरोप में कठोर कारावास की सजा हुई। जिसके दौरान उनकी मृत्यु हो गयी। उनकी मृत्यु की जाँच हेतु गोपाल स्वरूप पाठक कमेटी का गठन किया गया। इन्होंने 'जैसलमेर का गुंडा राज,' 'रघुनाथ सिंह का मुकदमा' व 'आजादी के दीवाने' नामक किताबें लिखी।

**805. कवि एवं चित्रकार नागरीदास के रूप में कौन प्रसिद्ध था?**
(a) राजा कृष्ण देव (b) राज वृन्दावनदास
(c) राजा सावन्त सिंह (d) राणा कुम्भा

**कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमाधारक)-10-05-2022**

Ans. (c) : राजा साबंत सिंह को नागरी दास के नाम से भी जाना जाता है। राजा सावंत सिंह के समय किशनगढ़ के दरबार में निहाल चन्द मुख्य चित्रकार और कवि थे। निहाल चन्द की मुख्य रचना बनी-ठनी है जो राधा व कृष्ण के रूप में चित्रित है।

**806. कचनार चौधरी का संबंध किस खेल से है?**
(a) शॉट पुट (b) बैडमिंटन
(c) तैराकी (d) 100 मी. दौड़

**I.A. 2018**

Ans. (a) : कचनार चौधरी का संबंध शॉटपुट से है। इन्होंने 13वें दक्षिण एशियाई खेल-2019 में महिला शॉटपुट में कांस्य पदक जीता। यह जयपुर की रहने वाली है। 59वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैम्यिनशिप में भी कांस्य पदक जीता।

**807. निम्नलिखित में से कौन सी महिला राजस्थान से संबंधित है जो राजनीतिक जागृति और विकास का हिस्सा थी?**
(a) अंजना देवी चौधरी (b) एनी बेसेंट
(c) सरला देवी चौधरानी (d) सुशीला देवी

**Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022**